इलेक्ट्रिक बसों के लिए उत्तर प्रदेश में अपार संभावना : योगी

- प्रदेश में ग्रीनफील्ड ईवी विनिर्माण इकाई स्थापित करेगी अशोक लीलैंड
- राज्य सरकार के साथ एमओयू, 18 माह में शुरू होगी ईवी बस इकाई

राज्य ब्यूरो, लखनऊः इलेक्ट्रानिक वाहन (ईवी) के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश एक बड़ा बाजार बनेगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश में इलेक्ट्रिक बसों के निर्माण की इकाई लगाने जा रहे हिंदुजा समूह को प्रेरित करने के साथ ही यहां कानून-व्यवस्था से लेकर औद्योगिक इकाइयों के लिए अनुकूल माहौल होने का विश्वास दिलाया।

उन्होंने कहा, हिंदुजा समूह को पहले ही यूपी में आना चाहिए था। उप्र परिवहन निगम के बेड़े में 14 हजार बसें हैं और स्कूल बसों को जोड़ लें तो डेढ़ लाख बसें हैं। नई नीति के तहत 15 वर्ष पुराने वाहनों को समाप्त करना है। राज्य सरकार 750 इलेक्ट्रिक बसों का संचालन भी कर रही है और इनकी संख्या और बढ़ाने का निर्णय किया जा चुका है। वर्ष 2025 में प्रयागराज में महाकुंभ है और इस दृष्टि से भी इलेक्ट्रिक बसों का बेड़ा बढ़ाया जाएगा। इसके साथ ही राज्य सरकार एक इलेक्ट्रिक बस पर 20 लाख रुपये तक इंसेंटिव भी उपलब्ध करा रही है। योगी ने कहा कि हिंदुजा समूह के लिए यूपी में इलेक्ट्रिक बसों के क्षेत्र में अपार संभावना है। योगी ने हिंदुजा समूह की कंपनी अशोक लीलैंड की ग्रीनफील्ड ईवी निर्माण इकाई स्थापित किए जाने के लिए राज्य सरकार से किए गए एमओयू (समझौता ज्ञापन) को भविष्य के एक नए क्षेत्र की शुरुआत बताया। कहा, जो निवेशक आते हैं या जो पहले से हैं, उन्हें सुरक्षा व सुविधा उपलब्ध कराने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। यूपी ने देश में कानून-व्यवस्था का एक नया माडल स्थापित किया है। अपनी आधारभूत संरचना का नया तंत्र खड़ा किया है। संबंधित खबर » 9

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की उपस्थिति में शुक्रवार को हिंदुजा समूह और राज्य सरकार के बीच ग्रीन फील्ड ईवी निर्माण फैक्ट्री के लिए एमओयू हुआ • सूचना विभाग

युवाओं के लिए पैदा होंगे रोजगार के अतिरिक्त अवसर

औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआइ व निवेश प्रोत्साहन मंत्री नन्द गोपाल गुप्ता नन्दी ने कहा कि अशोक लीलैंड का उत्तर प्रदेश में इकाई स्थापित करने का निर्णय कंपनी की ताकत को और बढ़ाएगा। प्रदेश में युवाओं के लिए रोजगार के अतिरिक्त अवसर भी पैदा करेगा। एमओयू पर अवस्थापना व औद्योगिक विकास आयुक्त मनोज कुमार सिंह तथा अशोक लीलैंड के प्रबंध निदेशक व सीईओ शेनु अग्रवाल ने हस्ताक्षर किए।